>

Title: Need to make Sariswa river in Bihar pollution free -laid.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : नमामि गंगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत रक्सौल की जीवनदायिनी सरिसवा नदी को शामिल कर प्रदूषणमुक्त करना अति आवश्यक है । सरिसवा नदी नेपाल से निकलती है तथा बीरगंज (नेपाल) के कल । कारखानों द्वारा जहरीले दूषित अवशेषों को नदी में बहाए जाने से सरिसवा नदी का पानी काली जहरीली दुर्गन्धियुक्त एवं जानलेवा बन चुका है । इस नदी के पानी पीने से पशु-पक्षी मर रहे हैं तथा नदी के किनारे बसे ग्रामीण गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं । यह नदी रक्सौल होते हुए सिकरहना/बुढ़ी गंडक में मिलते हुए गंगा में मिलती है । गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने हेतु नेपाल से निकलने वाली सरिसवा नदी के साथ-साथ अन्य नदियों का प्रदूषण मुक्त होना अति आवश्यक है ।